i-NEXT PAGE 5

## एलयू के आनलाइन कोर्सों में प्रवेश शुरू

**LUCKNOW:** लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 के यूजी और पीजी के आनलाइन कोर्सों में एडमिशन प्रक्रिया संडे को शुरू हो गई. अर्ह अभ्यर्थी आनलाइन बीकाम, एमकाम, एमबीए, बीबीए, एमए अंग्रेजी, एमए इकोनामिक्स, एमएसडब्ल्यू, एमए पालीटिकल साइंस और एमए संस्कृत कोर्स में एडमिशन के लिए https://www.lkouniv.ac.in/ के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.

## कल से एमवीए, एमएफए के लिए इंटरव्यू

लखनऊ विश्वविद्यालय में एमवीए और एमएफए कोर्स में प्रवेश परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के इंटरव्यू 12 और 13 अगस्त को होंगे. रोल नंबर वार विस्तृत समय सारिणी वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर जारी की गई है.

## एयर विंग एनसीसी के आवेदन 20 तक

एलयू में एनयर विंग एनसीसी (सीनियर डिवीजन) में एडमिशन प्रक्रिया शुरू हो गई है. सभी स्ट्रीम के यूजी प्रथम वर्ष वाले सभी विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं. लास्ट डेट 20 अगस्त है. चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा, शारीरिक परीक्षण और इंटरव्यू के माध्यम से होगी. शारीरिक प्रशिक्षण में पुश-अप, सिट-अप के साथ 1600 मीटर की दौड़ होगी. लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, तर्क, अंग्रेजी ज्ञान, सशक्त बलों के बारे में जानकारी शामिल होगी. आवेदन के लिए फार्म की हार्ड कापी जमा करनी होगी, या https://forms.gle/nPq15fxpuVmmgTPJA के माध्यम से आवेदन करना होगा.

## बीएससी आनर्स कृषि में दीक्षारंभ 18 से

लखनऊ विश्वविद्यालय में बी.एससी आनर्स कृषि (सेल्फ फाइनेंस) कोर्स में प्रवेशित विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम 18 से 23 अगस्त तक वनस्पति विज्ञान विभाग के बीरबल साहनी हाल में होगा. इसका समय सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक रहेगा. आखिरी दिन विद्यार्थियों को टैगोर लाइब्रेरी, जंतु और वनस्पति विज्ञान विभाग का भ्रमण भी कराया जाएगा। कृषि संकाय अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना ने इसकी सूचना जारी की है.